Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. भारत की उत्तर से दक्षिण तक कितनी लंबाई है?**

(अ) 2850 किलोमीटर (ब) 3214 किलोमीटर
(स) 2933 किलोमीटर (द) 2856 किलोमीटर

**2. भारत का कौन सा राज्य तीन ओर से बांग्लादेश से घिरा है?**

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) मेघालय
(स) त्रिपुरा (द) आसाम

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा देश क्षेत्रफल में भारत से बड़ा है?**

(अ) चीन (ब) फ्रांस
(स) मिस्त्र (द) ईरान

**4. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?**

(अ) पाँचवाँ (ब) दूसरा
(स) नौवाँ (द) सातवाँ

**5. उत्तर में हिमालय पर्वत, उत्तर-पश्चिम में हिंदूकुश व सुलेमान श्रेणियों, उत्तर-पूर्व में पूर्वांचल पहाड़ियों तथा दक्षिण में विशाल हिंद महासागर से सीमांकित एक बृहत भौगोलिक इकाई है, जिसे कहा जाता है-**

(अ) भारतीय उपमहाद्वीप (ब) महाद्वीप
(स) द्वीप (द) दर्रा

**6. निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है?**

(अ) पाकिस्तान (ब) बांग्लादेश
(स) चीन (द) म्यामांर

**7. भारत का सीमान्तर्गत क्षेत्र का समुद्री भाग की तरफ फैलाव है-**

(अ) 10 समुद्री मील (ब) 12 समुद्री मील
(स) 21 समुद्री मील (द) 14 समुद्री मील

**8. सयुंक्त राज्य अमेरिका में समय कटिबंधों की कितनी संख्या है?**

(अ) 12 (ब) 8
(स) 6 (द) 10

**9. भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य समय से कितना आगे है?**

(अ) 6 घंटे 20 मिनट (ब) 5 घंटे 30 मिनट
(स) 4 घंटे 10 मिनट (द) 7 घंटे 50 मिनट

मिशन ज्ञान
पढ़ें : जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**10. भारत के अक्षांशीय व देशांतरीय विस्तार में लगभग कितना अंतर है?**

(अ) 6 डिग्री 45 मिनट
(ब) 82 डिग्री 30 मिनट
(स) 7 डिग्री 30 मिनट
(द) 30 डिग्री

## रिक्त स्थान

**11.** भारत की मुख्य भूमि का भौगोलिक विस्तार ____________ अक्षांशों और ____________ देशांतरों के बीच है।

**12.** भारत का कुल क्षेत्रफल लगभग _______________ वर्ग किलोमीटर है।

## सत्य/असत्य

**13.** भारत की उत्तर-दक्षिण लंबाई 3,214 किमी है जबकि पूर्व-पश्चिम चौड़ाई 2,933 किमी है।

**14.** भारत का कुल क्षेत्रफल विश्व के कुल भू-भाग का लगभग 5 प्रतिशत है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

**15.** भारत की स्थल सीमा की कुल लंबाई कितनी है?

**16.** भारत का सबसे दक्षिणतम भाग कौन-सा है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**17.** भारत के सीमावर्ती देशों के नाम बताएँ।

**18.** भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लंबाई कितनी है?

## निबंधात्मक प्रश्न

**19.** भारत के आकार और विस्तार के बारे में व्याख्या करें।

**20.** पूर्वी दुनिया में भारत के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

## HOTS

**21.** भारत की लंबी तटरेखा के क्या प्रभाव हैं?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

## अध्याय -1 | भारत-स्थिति

## Worksheet-2

### उत्तरमाला

1. **(ब)**
दक्षिण एशिया के तीन प्रायद्वीपों में से मध्यवर्ती प्रायद्वीप पर स्थित यह देश अपने 32,87,263 वर्ग किमी क्षेत्रफल के साथ विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है। इस प्रकार भारत की उत्तर में कश्मीर से दक्षिण के कन्याकुमारी तक 3214 किमी॰ की लम्बाई हैं।

2. **(स)**
भारत का त्रिपुरा राज्य तीन ओर से बांग्लादेश से घिरा हैं।

3. **(अ)** चीन

4. **(द)**
क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में सातवाँ स्थान है।

5. **(अ)**
भारतीय उपमहाद्वीप, एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित एक उपमहाद्वीप है। इस उपमहाद्वीप को दक्षिण एशिया भी कहा जाता है भूवैज्ञानिक दृष्टि से भारतीय उपमहाद्वीप का अधिकांश भाग भारतीय प्रस्तर (या भारतीय प्लेट) पर स्थित है।

6. **(ब)** बांग्लादेश

7. **(ब)**
भारत का सीमान्तर्गत क्षेत्र का समुद्री भाग की तरफ फैलाव 12 समुद्री मील है।

8. **(स)**
सयुंक्त राज्य अमेरिका में 6 समय कटिबंध है।

9. **(ब)**
भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य समय से 5 घंटे 30 मिनट है।

10. **(द)**
भारत के अक्षांशीय व देशांतरीय विस्तार में लगभग 30 डिग्री का अंतर है।

11. देशांतर

12. 32.8 लाख

13. सत्य

14. असत्य

15. भारत की स्थल सीमा की कुल लम्बाई 15200 किमी. है।

16. भारत का सबसे उत्तरी बिंदु इंदिरा कॉल और सबसे दक्षिणी बिंदु इंदिरा प्वाइंट है, जो निकोबार द्वीप समूह में स्थित है।

17. भारत की सीमा से लगे सीमावर्ती देश निम्नलिखित है :-
    i. पाकिस्तान
    ii. अफगानिस्तान
    iii. चीन
    iv. नेपाल
    v. भूटान
    vi. म्यांमार
    vii. बांग्लादेश

18. भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लंबाई 3310 कि.मी. है। यह दुनिया की सबसे जटिल सीमाओं में से एक है।

19. भारतीय गणतंत्र का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग कि.मी. हैं। भारत का भौगोलिक स्वरूप से आशय भारत में भौगोलिक तत्वों के वितरण और इसके प्रतिरूप से है जो लगभग हर दृष्टि से काफ़ी विविधतापूर्ण है। साथ ही लगभग 1.3 अरब जनसंख्या के साथ यह पूरे विश्व में चीन के बाद दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भी है। भारत की भौगोलिक संरचना में लगभग सभी प्रकार के स्थलरूप पाए जाते हैं।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

एक ओर इसके उत्तर में विशाल हिमालय की पर्वतमालायें हैं तो दूसरी ओर और दक्षिण में विस्तृत हिंद महासागर, एक ओर ऊँचा-नीचा और कटा-फटा दक्कन का पठार है तो वहीं विशाल और समतल सिन्धु-गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान भी, थार के विस्तृत मरुस्थल में जहाँ विविध मरुस्थलीय स्थलरुप पाए जाते हैं तो दूसरी ओर समुद्र तटीय भाग भी हैं। कर्क रेखा इसके लगभग बीच से गुजरती है और यहाँ लगभग हर प्रकार की जलवायु भी पायी जाती है। मिट्टी, वनस्पति और प्राकृतिक संसाधनो की दृष्टि से भी भारत में काफ़ी भौगोलिक विविधता है। प्राकृतिक विविधता ने यहाँ की नृजातीय विविधता और जनसंख्या के असमान वितरण के साथ मिलकर इसे आर्थिक, सामजिक और सांस्कृतिक विविधता प्रदान की है। इन सबके बावजूद यहाँ की ऐतिहासिक-सांस्कृतिक एकता इसे एक राष्ट्र के रूप में परिभाषित करती है। हिमालय द्वारा उत्तर में सुरक्षित और लगभग 7 हज़ार किलोमीटर लम्बी समुद्री सीमा के साथ हिन्द महासागर के उत्तरी शीर्ष पर स्थित भारत का भू-राजनैतिक महत्व भी बहुत बढ़ जाता है और इसे एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति के रूप में स्थापित करता है।

**20.** पूर्व-एशिया में भारत की बहुआयामी उपस्थिति ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों से ही प्रारम्भ हो गयी। सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि क्षेत्रों में भारतीय हस्तक्षेप से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के तत्कालीन जीवन में मौलिक परिवर्तन आया। भारत पश्चिम एशिया तथा पूर्वी एशिया के मध्य स्थित है। दक्षिण-पूर्वी एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका के पूर्वी तटवर्ती पड़ोसी देशों के साथ भारत के विदेशी संबंधों में सागर की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। दक्षिण-पूर्वी एशिया में भारतीय और चीनी संस्कृति का संगम हुआ है। इन दोनों संस्कृतियों ने स्थानीय संस्कृति के साथ मिलकर एक नई मिली-जुली संस्कृति को जन्म दिया है जो हिंद चीन जैसे शब्दों में प्रतिबिंबित हुई है। इसके बाद इस्लाम तथा ईसाई धर्म और यूरोपवासियों के आगमन से यह प्रदेश और समृद्ध हो गया। इससे यहाँ की संस्कृति में विविधता के नए रंग भर गए हैं जो आज के दक्षिण-पूर्वी एशिया में झलकते हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया पर भारतीय संस्कृति का प्रभाव भारत में इतिहास का पाठ्यक्रम पश्चिमोन्मुखी रहा है। दक्षिण-पूर्व एशिया का इतिहास हमारी प्राथमिकता में नहीं है। इस विसंगति की गम्भीरता ज्यादा बढ़ जाती है, जब हम पाते हैं दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के इतिहास का सम्बन्ध भारतीय इतिहास से काफी निकट का रहा है। जिन देशों में भारतीय संस्कृति की छाप आज भी स्पष्ट है, उनमें लाओस, कम्बोडिया, थाईलैंड, म्यांमार, मलेशिया और इंडोनेशिया उल्लेखनीय हैं। इंडोनेशिया के द्वीपों के नाम जैसे सुमात्रा, जावा और बाली भारतीय प्रभाव के स्पष्ट उदाहरण हैं। थाइलैंड का पुराना नाम स्याम था।

**21.** भारत की तटरेखा 7517 कि. मी. लंबी है। भारत तीन ओर से समुद्र से घिरा है, जिसके कारण यहाँ मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, विशाखापट्नम, कोच्चि, तूतिकोरिन, मर्मगांव, मंगलुरु, पारादीप, हल्दिया कांडला, जैसे बड़े-बड़े बंदरगाहों का विकास हुआ है, जिसकी वजह से दूसरे देशों से समुद्री मार्गों से व्यापार होता है तथा लंबी तटरेखा होने के कारण ही भारत विश्व में मछली उत्पादन में आवश्यक स्थान रखता है। इसके अलावा समुद्री संसाधनों में नमक, मोती, मूँगा, खनिज तेल आदि की भी प्राप्ति होती है।